लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

संसद सदस्यों ने श्री एम. अनन्तशयनम आयंगर को श्रद्धासुमन अर्पित किए/ PARLIAMENTARIANS PAY TRIBUTES TO SHRI M. ANANTHASAYANAM AYYANGAR

नई दिल्ली, 4 फरवरी, 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज लोक सभा के पूर्व अध्यक्ष, श्री एम. अनन्तशयनम आयंगर की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर कई संसद सदस्योंऔर अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए । लोक सभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए ।

श्री एम.ए. आयंगर एक वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी और प्रख्यात सांसद थे । वह केन्द्रीय विधान सभा, संविधान सभा, अंतरिम संसद और पहली से तीसरी लोक सभा के सदस्य रहे । 1952 में पहली लोक सभा के गठन के समय श्री एम.ए. आयंगर सर्वसम्मति से लोक सभा के उपाध्यक्ष चुने गए । इससे पहले वह संविधान सभा (विधायी) के उपाध्यक्ष और अंतरिम संसद के उपाध्यक्ष पद पर भी आसीन रहे । तत्कालीन अध्यक्ष, श्री जी.वी. मावलंकर के आकस्मिक निधन के पश्चात् श्री आयंगर को 8 मार्च, 1956 को सर्वसम्मति से लोक सभा का अध्यक्ष चुना गया । 1957 में दूसरी लोक सभा का गठन होने पर श्री आयंगर को पुनः सर्वसम्मति से लोक सभा का अध्यक्ष चुना गया । यद्यपि, वह तीसरी लोक सभा के लिए चुने गए थे, परन्तु बिहार के राज्यपाल का कार्यभार ग्रहण करने के लिए उन्होंने लोक सभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया ।

श्री आयंगर का 19 मार्च, 1978 को निधन हो गया।

New Delhi, 4 February 2022: Lok Sabha Speaker Shri Om Birla led Parliamentarians in paying floral tributes to former Lok Sabha Speaker, Shri M. Ananthasayanam Ayyangar, in the Central Hall of Parliament House, on his birth anniversary today.

Among others who paid floral tributes were Members of Parliament and other dignitaries. Secretary-General of Lok Sabha Shri Utpal Kumar Singh also paid tributes to Shri M. Ananthasayanam Ayyangar,.

Shri M.A. Ayyangar was a veteran freedom fighter and eminent parliamentarian. He was a member of the Central Legislative Assembly, Constituent Assembly, and Provisional Parliament and First to Third Lok Sabha. When the First Lok Sabha was constituted in 1952, Shri M.A. Ayyangar was the unanimous choice to be its Deputy Speaker, having earlier served as the Deputy Speaker of the Constituent Assembly (Legislative) and Deputy Speaker of the Provisional Parliament. After the sudden demise of the then Speaker, Shri G.V. Mavalankar, he was unanimously elected to preside over the Lok Sabha on 8 March 1956. Shri Ayyangar was, once again, unanimously elected the Speaker of the Second Lok Sabha in 1957. Though elected to the Third Lok Sabha, he resigned soon after to assume office as the Governor of Bihar.

Shri Ayyangar passed away on 19 March 1978.